दिनांक 29.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# SLRM सेंटर का स्कूली बच्चों एवं NDRF की टीम ने लिया प्रशिक्षण

**भिलाईनगर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जोन 02 स्थित दशहरा मैदान, जोन 03 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब सहित जोन 04 एसएलआरएम सेंटर एवं वैष्णवदेवी स्कूल में आम नागरिकों के सहयोग से साफ–सफाई हेतु श्रमदान किया गया एवं नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाया गया है। वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब के आस–पास की सफाई एवं दशहरा मैदान में प्लागिंग एवं झिल्ली, पन्नी उठाने का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जन भागीदारी कर स्वच्छता में अपना योगदान दिए है। साथ ही शहर में डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन कर एसएलआरएम सेंटर में खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में एनडीआरएफ टीम को प्रशिक्षण दिया गया है। जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्कूली बच्चों को एसएलआरएम सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी गई। माता वैष्णवदेवी पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता का संदेश देने बच्चों द्वारा रंगोली एवं चित्र बनाकर लोगो में जन जागरूकता लाया गया। इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अतुल यादव, चूड़ामणी यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, धनेश्वर, स्वच्छता दीदीयों सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

